# Weekly current affairs in Hindi 8 to 14 September 2021 | वीकली करंट अफेयर्स सितम्बर 2021 Pdf

1) मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने “**गो टू हिल 2.0**” आउटरीच अभियान शुरू किया है ।

2) 7 सितंबर को इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज (International Day of Clean Air for blue skies) मनाया गया है साल 2021 के लिए इस दिवस का थीम “Healthy Air, Healthy Planet” था I

3) 7 सितंबर को ब्राजील का स्वतंत्रता दिवस मनाया गया है ।

4) एस.एन. त्रिपाठी को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (Chief executive officer) नियुक्त किया गया है ।

5) हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल और क्रिकेटर स्मृति मंधाना को इक्विटास बैंक ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है ।

6) तमिलनाडु के तट पर “सी काऊ (समुद्री गाय)” के संरक्षण के लिए भारत का पहला “डुगोंग संरक्षण रिजर्व” स्थापित किया जाएगा ।

7) भारत सरकार के डिजिटल स्कोर कार्ड में बैंक ऑफ बड़ौदा शीर्ष पर रहा है ।

8) आईआईटी हैदराबाद में देश का पहला जैव ईंट आधारित भवन का निर्माण शुरू हुआ है ।

9) अलसल्वाडोर देश, बिटकॉइन डिजिटल करेंसी को लीगल करेंसी का दर्जा देने वाला दुनिया का पहला देश बना है ।

10) दिल्ली सरकार ने बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम शुरू किया है । इस योजना के तहत दिल्ली सरकार कक्षा नौवीं से 12 वीं तक के छात्रों को ₹2000 की प्रारंभिक राशि देगी; छात्रों को इस प्रारंभिक राशि को छोटे व्यवसाय में निवेश करना होगा । इससे छात्रों में व्यवसायिक

मानसिकता विकसित होगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल स्तर पर युवा उद्यमियों को तैयार करना है।

11) 8 सितंबर 2021 को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में बताना तथा दुनिया में शिक्षा और साक्षरता को बढ़ावा देना है।

12) गुजरात राज्य सरकार ने वतन प्रेम योजना शुरू की है।

13) अफगानिस्तान में तालिबान ने मुल्लाह हसन अंखुद को अपना अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।

14) क्यूबा देश, 2-11 साल के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

15) शैलेंद्र सिंह ने कछुआ संरक्षण में ग्लोबल अवार्ड जीता है, वह एक भारतीय जीव विज्ञानी है।

16) दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए स्मॉग टावर लगाया गया है। हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसका उद्घाटन किया है।

17) मिस्र 21 देशों के साथ ब्राइटस्टार संयुक्त सैन्य अभ्यास की मेजबानी कर रहा है।

18) तमिलनाडु राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को सामाजिक सुधारवादी नेता पेरियार की जयंती को “सामाजिक न्याय दिवस” के रूप में मनाने की घोषणा की है।

19) कोल इंडिया कंपनी ने कोयला ढोने वाले अपने डंपर ट्रकों में डीजल को एलएनजी (लिक्विफाइड नेचूरल गैस) से बदलने के लिए ट्रकों में एलएनजी किट लगाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

20) ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने किसान स्टोर लॉन्च किया है। इन स्टोर्स पर कृषि में उपयोग होने वाले खाद, बीज समेत विभिन्न उत्पाद मिलेंगे।

21) जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

22) 9 सितंबर को “इंटरनेशनल डे टू प्रोटेक्ट एजुकेशन फ्रॉम अटैक” मनाया गया है।

23) इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार के लिए कर्नाटक राज्य में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

24) चीन ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह Gaofen-5-02 लॉन्च किया है।

25) उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने 8 सितंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

“26) टाटा AIA लाइफ इंश्योरेंस” ने नीरज चोपड़ा को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है

27) 10 सितंबर को वर्ल्ड सुसाइड प्रीवेंशन डे मनाया गया है।

28) एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने झारखंड राज्य में जलापूर्ति सुधार के लिए 112 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।

29) भारत और अमेरिका ने स्ट्रैटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप का आयोजन किया है।

30) मध्य प्रदेश, “राज्य लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर पावर सेक्टर” में साइबर क्राइसिस प्रबंधन लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

31) अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) ने टोक्यो ओलंपिक में भाग ना लेने पर उत्तर कोरिया को 2022 के अंत तक के लिए निलंबित कर दिया है।

32) रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

33) तेलंगाना, कोरोना वैक्सीन डिलीवरी के लिए ड्रोन ट्रायल करने वाला देश का पहला राज्य बना है।

34) तमिलनाडु राज्य सरकार ने कवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुब्रमण्यम भारती की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष 11 सितंबर को “महाकवि दिवस” मनाने की घोषणा की है।

35) प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 13वें ब्रिक्स सम्मेलन की अध्यक्षता की है।

36) देबोज्योति मिश्रा ने स्पेन में आयोजित 20वें 'इमेजिन इंडिया फिल्म फेस्टिवल' में सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार जीता है।

37) उड़ीसा राज्य में कृषि उत्सव नुआखाई पर्व मनाया गया है।

38) राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रयागराज में "यूपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी" की आधारशिला रखी है।

39) भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के 17वें भी मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। इससे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी ने कार्यकाल से पहले इस्तीफा दे दिया था।

40) तमन्ना भाटिया ने अपनी नई पुस्तक "बैक टू द रूट्स" का विमोचन किया है।

41) केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने "बुजुर्गों की बात देश के साथ" कार्यक्रम शुरू किया है।

42) भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एवं दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए भारतीय टीम का मेंटॉर नियुक्त किया गया है।

43) उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राजा महेंद्र सिंह विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी है।

44) कर्नाटक बैंक ने MSME ग्राहकों के लिए ऑल इन वन स्वाइपिंग मशीन WisePOSGo लॉन्च की है।

45) हेमंत धनजी को ऑस्ट्रेलिया सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया है, वे भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं।

46) पंजाब के लुधियाना में पहला ब्रेस्ट मिल्क पंप बैंक खोला गया है।

Visit Our Website- www.thecareeraffairs.com

Follow Us at- Facebook Instagram Telegram Sharechat